म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
26, किसान भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल

कमांक–कय/82पार्ट/598 भोपाल,दिनांक– 13/7/18

## –: निविदा विज्ञप्ति :–

म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड के अरेरा हिल्स किसान भवन भोपाल मुख्यालय एवं अन्य स्थानों पर स्थित मण्डी बोर्ड के कम्प्यूटरों प्रिंटरों तथा जियोन सर्वर आदि के वार्षिक रखरखाव के कार्य हेतु वाणिज्यकर में पंजीकृत फर्मो से (वार्षिक रख–रखाव/मरम्मत की दरें) मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक–25-7-18 को दोपहर 3.00 बजे तक (तकनीकी एवं वित्तीय निविदायें पृथक–पृथक लिफाफे मे एवं दोनो लिफाफे एक बडे बंद लिफाफे मे) कार्यालय के टेण्डर बाक्स मे जमा कराई जा सकती है, तथा नियत तिथी एवं समय तक स्पीड पोस्ट से भी स्वीकार की जायेगी। निविदायें उसी दिन उपस्थित निविदाकर्त्ता या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष दोपहर 4.00 बजे खोली जायेगी। निविदा फार्म कार्यालयीन समय में (अवकाश के दिनों को छोडकर) दिनांक–13-7-18 से दिनांक–24-7-18 तक राशि रूपये– 1000.00 नगद जमा कर भण्डार शाखा से प्राप्त किये जा सकते हैं। इच्छुक निविदाकारों द्वारा निविदा प्रपत्र की शर्ते एवं नियम को मण्डी बोर्ड की बेवसाइट www.mpmandiboard.gov.in पर भी देखा जा सकता है। तथा निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर निकाला जा सकता है। उक्त शर्ते निविदा फार्म मे भी विस्तृत रूप से उल्लेखित है।

प्रबंध संचालक

(Store Latter)

**मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड**
**26 अरेरा हिल्स, किसान भवन, जेल रोड, भोपाल – 462004**
**कम्प्यूटर, सर्वर, प्रिन्टर (DMP, Deskjet, Laserjet Printers), स्केनर, यू.पी.एस., सी.व्ही.टी., सहायक सामग्रीयों एवं हब/स्विच तथा लोकल एरिया नेटवर्क कनेक्शन आदि का वार्षिक रख–रखाव की शर्ते**

मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड मुख्यालय भोपाल के अधीन स्थापित कम्प्यूटर, सर्वर, प्रिन्टर (DMP, Deskjet, Laserjet Printers), स्केनर, यू.पी.एस., सी.व्ही.टी., सहायक सामग्रीयों एवं हब/स्विच तथा लोकल एरिया नेटवर्क कनेक्शन आदि के वार्षिक रख–रखाव हेतु निम्न शर्तो के अधीन निविदा आमंत्रित की जाती है :–

1. निविदा प्रपत्र अहस्तांतरणीय होगा।
2. बोर्ड के कम्प्यूटर एवं प्रिंटर जहॉ–जहॉ स्थापित है उनमें दूरभाष में सूचित करने के पश्चात् उसी दिनांक को तत्काल उपस्थित होकर सुधार कार्य अनिवार्य रूप से करना होगा।
3. बोर्ड के कम्प्यूटर एवं प्रिंटर आदि जहॉ–जहॉ स्थापित है जिसमें मंत्रालय, मण्डी बोर्ड मुख्यालय आदि स्थित कम्प्यूटरों एवं प्रिंटरों में सूचना देने पर वहॉ पहुचकर सुधार कार्य किया जाना होगा। या तत्समय निर्मित हुई समस्या या खराबी का निदान करना होगा।
4. दूरभाष में सूचित करने के उपरांत उसी दिनांक को यदि नियत समय/अवधि में कार्य न होने पर या संतोषजनक न पाये जाने पर रूपये 200.00 प्रतिदिन का कटौत्रा किया जायेगा।
5. संस्था का जी.एस.टी.एन रजिट्रेशन का वैध प्रमाण पत्र, सक्षम कार्यालय से व्यवसाय करने का पंजीयन प्रमाण पत्र होना चाहिए।
6. कम्प्यूटर, सर्वर, प्रिन्टर (DMP, Deskjet, Laserjet Printers), स्केनर, यू.पी.एस., सी.व्ही.टी., सहायक सामग्रीयों एवं हब/स्विच तथा लोकल एरिया नेटवर्क कनेक्शन आदि के वार्षिक रख–रखाव हेतु निविदाकर्ता की योग्यता, कार्यक्षमता एवं अनुभव आदि के मूल्यांकन के संबंध में जानकारी निम्नानुसार लिफाफों में प्रस्तुत करना है। **प्रथम लिफाफा** जिसमें धरोहर राशि की एफ. डी. आर. और यदि निविदा प्रपत्र बेबसाईड से डाउनलोड किया गया है तो निविदा प्रपत्र के मूल्य का बैंक ड्राफ्ट **द्वितीय लिफाफा** जिसमें तकनीकी विड प्रस्तुत करना होगी, **तृतीय लिफाफा** जिसमें फायनेंशियल बिड का लिफाफा होगा। सर्वप्रथम प्रथम लिफाफा खोला जायेगा उसमें उपयुक्त पाये जाने पर ही द्वितीय लिफाफा खोला जावेगा। यदि प्रथम लिफाफा अपूर्ण पाया गया तो द्वितीय एवं तृतीय लिफाफा नहीं खोला जायेगा अर्थात उस पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। द्वितीय लिफाफा तकनीकी विड के लिफाफे में निविदा दस्तावेज के साथ प्रदत्त तकनीकी विड का फार्म पूर्ण कर वाणिज्यकर का प्रमाण–पत्र, फर्म कंपनी का रजिस्ट्रेशन प्रमाण–पत्र, जी.एस.टी नं. का वैध प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण–पत्र आदि होना चाहिए एवं किसी कंपनी का अधिकृत विक्रेता एवं सर्विस प्रोवाईडर का प्रमाण पत्र। उक्त दस्तावेज तथा प्रपत्र में उल्लेखित शर्ते पूर्ण किये जाने पर ही तृतीय लिफाफा अथवा फायेनेंशियल बिड का लिफाफा खोला जावेगा। द्वितीय लिफाफे की शर्ते पूर्ण नहीं होने पर तृतीय लिफाफा नहीं खोला जावेगा। तृतीय लिफाफा जिसमें स्पस्ट शब्दों एवं अंको में सभी करों सहित यदि कोई है तो दरें होना चाहिए।
7. निविदा प्रपत्र तथा निविदा की शर्ते मण्डी बोर्ड की बेवसाइट www.mpmandiboard.gov.in पर भी उपलब्ध निविदा प्रपत्र/निविदा की शर्ते उक्त बेबसाइट से डाउनलोड कर निविदा में भाग ले सकते है। इस प्रकार की निविदा में भाग लेने के लिए निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 1000.00 बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से निविदा के साथ प्रथम लिफाफे में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा यह बैंक ड्राफ्ट लेखाधिकारी, म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड के नाम से बनाया जायेगा तथा यह ड्राफ्ट प्रथम लिफाफे में रखा जाना अनिवार्य होगा बिना निविदा प्रपत्र का मूल्य भुगतान किये प्रस्तुत की गई निविदा अमान्य कर दी जायेगी।
8. विभाग से प्राप्त या बेबसाइड से डाउनलोड कर निकाले गये निविदा प्रपत्र में ही दरें स्याही, जाटर पेन या टाईप से भरी जावे। किसी भी दशा में पेन्सिल से अंकित दरें मान्य नहीं की जावेगी। निविदा पर ऊपरी लेखन (Over writing) या सफेदा पर लेखन मान्य नहीं होगा तथा सुधार हेतु काटकर लिखी गई दरों की जगहों पर निविदाकर्ता हस्ताक्षर अवश्य करें, अन्यथा निविदा अमान्य कर दी जावेगी।

9. शब्दों एवं अंको में लिखी हुई दरों में अंतर होने पर शब्दों में लिखी हुई दर को मान्य किया जावेगा।

10. वार्षिक रखरखाव में बदले गये सामान मानक स्तर का होगा। छोटी एवं बडी मरम्मत के लिए रखरखाव अंतर्गत कार्यालय में स्थापित विभिन्न मेको के कम्प्यूटरों, प्रिंटरों आदि संबंधित सामग्री यथा बदले जाने वाली सामग्री को मुख्यालय की भण्डार शाखा में जंमा कराया जाना होगा। बदली गई सामग्री के देयकों का भुगतान प्रतिमाह किया जायेगा।

11. निविदाकार संस्था को किसी भी कंपनी के कम्प्यूटर एवं प्रिंटरों के अधिकृत विक्रेता/सर्विस प्रदायकर्ता होना अनिवार्य है। प्रमाण पत्र संलग्न करें। एच.पी./एच.सी.एल./आई.बी.एम./लेनोवो/एं.सी.सी.ए.आर/डेल/ई.टी.सी.।

12. निविदाकर्ता की संस्था को "विगत तीन लगातार वर्षो" में केन्द्र/राज्य शासन/Public sector/Govt.undertaking के किये गये कम्प्यूटर एवं सहायक सामग्री के वार्षिक रखरखाव का अनुभव होना चाहिए। उक्त संस्था में कम से कम 30 कम्प्यूटर, प्रिंटर, लोकल एरिया नेटवर्क आदि के कार्य का अनुभव होना अनिवार्य है। अनुभव में वर्तमान में अनुबंधित Serviceprovider/warranty period का रख–रखाव की अवधि को सम्मिलित नही माना जावेगा।

13. निविदाकर्ता की संस्था का भोपाल शहर में कार्यालय एवं प्रतिनिधि होना अनिवार्य है।

14. संस्था का GSTIN Tax/PAN होना चाहिये। Sale GSTIN/PAN No. दिया जावे तथा पंजीयन प्रमाण पत्र संलग्न किये जावें। बिन्दुवार जानकारी निविदा में दी जावे।

15. संस्था को निविदा डालते समय राशि रूपये 5,000/– (रूपये पांच हजार मात्र) की एफ.डी.आर. लेखाधिकारी, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल के नाम एवं अमानत राशि के रूप में निविदा स्वीकृत होने पर राशि रूपये 15000/– (रूपये पन्द्रह हजार मात्र) की एफ.डी.आर. इस प्रकार कुल राशि रूपये 20000/– (रूपये बीस हजार मात्र) की एफ.डी.आर. धरोहर राशि के रूप में बोर्ड कार्यालय में जमा रखना अनिवार्य रहेगा।

16. सफल निविदाकर्ता द्वारा रूपये 20000/– (रूपये बीस हजार मात्र) की पृथक–पृथक एफ.डी.आर. धरोहर राशि के रूप में जो लेखाधिकारी मण्डी बोर्ड के नाम से जमा रहेगी, जो अनुबंध अवधि यदि किन्ही परिस्थितियों में बढ़ाई गई हो तो उसे शामिल करते हुए की समाप्ति पर वापसी योग्य होगी। इस राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा। अगर अनुबंध की समाप्ति पर बोर्ड की कोई राशि वसूल करने हेतु निकलती है तो वह राशि काटकर शेष राशि उसे वापस मिल सकेगी।

17. सर्वप्रथम निविदा और उसमें शर्तो के अनुरूप चाहे गये प्राप्त दस्तावेजों के अनुसार प्रथम लिफाफा खोला जावेगा। उसमें पात्र नहीं होने की स्थिति में द्वितीय एवं तृतीय लिफाफा नहीं खोला जावेगा। अर्थात उस पर विचार नहीं किया जावेगा। निविदा अमान्य समझी जावेगी।

18. किसी भी निविदा को मान्य करने/अमान्य करने के अधिकार, प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल के पास सुरक्षित रहेगा। दस्तावेजों की प्रमाणिकता, पर्याप्तता के संबंध में किसी भी प्रकार के संशय/विवाद की स्थिति में प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल का निर्णय अंतिम होगा।

19. किसी भी निविदा को स्वीकृत करने के पूर्व या स्वीकृत पश्चात् अथवा समस्त निविदाओं को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल के पास सुरक्षित रहेगा।

20. यदि निविदाकर्ता द्वारा अपनी निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत के पूर्व वापिस ली जाती है, तो निविदा के साथ अमानत/परफारमेंन्स राशि राजसात कर ली जावेगी।

21. निविदा स्वीकार करने के उपरांत रखरखाव करने में असमर्थता व्यक्त करने की स्थिति में अमानत राशि राजसात की जावेगी तथा न्यूनतम दूसरे क्रम वाले निविदाकर्ता से कार्य कराया जावेगा। इसमें जो भी बोर्ड को हानि होगी उसकी वसूली संबंधित निविदाकर्ता से भू–राजस्व संहिता के तहत की जावेगी।

22. जिस निविदाकर्ता की दरें स्वीकृत की जावेंगी उन्हें 15 दिवस के अंदर रुपये 1000/-(रू. एक हजार मात्र) के Non judicial stamp (संबंधित संस्था को लाना होगा) पेपर पर अनुबंध करना होगा। अनुबंध की शर्तें मण्डी बोर्ड भोपाल की रहेगी। अनुबंध की अवधि अनुबंध होने के दिनांक से एक वर्ष की रहेगी। अनुबंध के साथ आइटमों की अंतिम सूची रहेगी जिसका रखरखाव किया जाना होगा। रखरखाव की गुणवत्ता संतोषप्रद नहीं होने पर तत्काल नोटिस देकर कार्य बंद करने का अधिकार प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल के पास सुरक्षित रहेगा तथा कार्य संतोषजनक पाये जाने पर आपसी सहमति के आधार पर एक-एक वर्ष के लिये अधिकतम दो बार अवधि बढ़ाई जा सकती है।

23. अमान्य/अस्वीकृत निविदाओं की धरोहर/अमानत राशि कार्यादेश जारी होने के बाद Release कर दी जावेगी जिस पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।

24. यह अनुबन्ध वृहत रहेगा। जिसमें कन्ज्यूमेवेल्स को छोड़कर अन्य समस्त पेरीफेरल की टूट फूट एवं फाल्ट आदि सम्मिलित रहेगा।

25. मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड मुख्यालय के अधीन समस्त कम्प्यूटर एवं अन्य सामग्री का वार्षिक रख रखाव संस्था द्वारा किया जाना होगा।

26. कम्प्यूटर, सर्वर, प्रिन्टर (DMP, Deskjet, Laserjet Printers), स्केनर, यू.पी.एस., सी.व्ही.टी., सहायक सामग्रीयों एवं हब/स्विच तथा लोकल एरिया नेटवर्क कनेक्शन आदि के वार्षिक रख-रखाव आदि में आयी खराबी के संबंध में मण्डी बोर्ड की क्रय शाखा में पंजी संधारित होगी जिसमें कम्पलेंट एवं सुधार का विवरण रहेगा। प्रतिदिन संस्था के इंजीनियर को पूरे समय (कार्यालयीन समय में) मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड मुख्यालय में उपस्थित रहना आवश्यक होगा और पंजी में दर्ज की गई शिकायत का अधिकतम 24 घंटे के अंदर निराकरण करना आवश्यक होगा, जिसकी जानकारी पंजी में दर्ज करना होगी, कि फाल्ट दूर कर दिया गया है। यदि निराकरण 24 घंटों में नहीं होता है, तो उसके स्थान पर Stand-By की व्यवस्था करना होगी। संस्था द्वारा खराब आइटम की Stand-By व्यवस्था नहीं की जाती है, तो स्वीकृत दर का 5 प्रतिशत प्रतिदिन के हिसाब से राशि देयक राशि से कम की जावेगी। विशेष परिस्थिति को छोड़कर वार्षिक रखरखाव के आइटमों का सुधार मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड मुख्यालय में ही करना होगा।

27. यदि रख-रखाव का उपकरण मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड मुख्यालय/कार्यालय जहाँ स्थापित है से बाहर लेब में सुधार हेतु ले जाना आवश्यक है, तो काल रिपोर्ट पर खराबी के विवरण के साथ रिपोर्ट प्रस्तुत करना होगी तथा उपकरण की प्राप्ति रसीद संबंधित क्रय शाखा को देना होगी तथा उपकरण के लिये किसी प्रकार की हानि का उत्तरदायित्व संबंधित संस्था का होगा।

28. वार्षिक रखरखाव के कार्य की गुणवत्ता संतोषजनक होने के स्थिति में रख-रखाव की राशि का भुगतान 4 समान किश्तों में एक तिमाही पूर्ण होने पर देयक प्रस्तुत किये जाने तथा कार्य संतोषजनक पाये जाने के उपरांत किया जावेगा। रख-रखाव हेतु कोई भी अग्रिम भुगतान नहीं किया जावेगा।

29. वार्षिक रख रखाव में ये सभी कार्य वार्षिक-रखाव में सम्मिलत होंगे, कम्प्यूटर फार्मेट करना, डाटा रिकवरी करना, सॉफ्टवेयर इंस्टालेशन करना आदि।

30. अनुबंध के अनुरूप रख-रखाव न करने और उपकरणों में किसी भी तरह की हानि होती है तो निविदाकर्ता को ही हानि की भरपाई करना होगी। यदि हानि की राशि परफारमेन्स राशि से कम है तो वह राशि देयक राशि से ली/समायोजित की जावेगी।

31. अनुबंध के पश्चात् किसी भी विवाद में प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड का निर्णय अंतिम होगा एवं विवाद होने की स्थिति में क्षेत्राधिकार जिला सत्र न्यायालय भोपाल रहेगा।

32. अनुबंध के अनुरूप कार्य न करने या रख-रखाव न करने की स्थिति में वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। यह कार्यवाही करने हेतु प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड का निर्णय मान्य करना होगा।

33. यदि निविदाकर्ता/निविदाकर्ता संस्था को केन्द्र/राज्य शासन/Public Sector Government Undertaking आदि द्वारा ब्लेक लिस्ट/भविष्य में कार्य करने से निष्काषित किया गया हो, तो ऐसी निविदाकर्ता/निविदाकर्ता संस्था, निविदा प्रस्तुत न करें, अन्यथा उनकी अमानत/धरोहर राशि राजसात कर आवश्यक कार्यवाही की जावेगी।

34. संधारण किये जाने वाले कम्प्यूटर एवं सहायक उपकरणों की अनुमानित संख्या को घटाया/बढ़ाया जा सकता है।

35. निविदायें दिनांक–25-7-2018 को दोपहर 3.00 बजे तक स्वीकार की जायेगी उक्त निविदाएं कार्यालय में रखे गये टेण्डर बॉक्स में नियत तिथी एवं समय तक डाली जाना अनिवार्य है। साथ ही स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी नियत तिथि एवं समय पर स्वीकार की जाकर टेण्डर बॉक्स में डाली जावेगी। निर्धारित दिनांक एवं समय के पश्चात् स्पीड पोस्ट से प्राप्त होने वाली निविदाएं स्वीकार नहीं होगी। अतः यह निविदाकार का दायित्व होगा की वे अपनी निविदा नियत दिनांक एवं समय तक बोर्ड मुख्यालय को प्राप्त हो जावे। तथा नियत तिथि एवं समय तक प्राप्त निविदाएं उसी दिन दोपहर 4.00 बजे निविदाकर्ताओं अथवा उनके प्रतिनिधि की उपस्थिति में खोली जायेगी।

36. स्वीकृत निविदाकार कंपनी को कम से कम एक वर्ष तक स्वीकृत दरों पर कार्य करना होगा, कार्य संतोषजनक नहीं पाये जाने पर तत्काल नोटिस देकर कार्य बंद करने का अधिकार प्रबंध संचालक के पास सुरक्षित रहेगा तथा कार्य संतोषजनक पाये जाने पर आपसी सहमति के आधार पर एक–एक वर्ष के लिये अधिकतम दो बार अवधि बढ़ाई जा सकती है।

37. निविदा प्रपत्र कार्यालय की भण्डार शाखा से दिनांक–13-7-2018 से दिनांक–24-7-2018 तक कार्यालयीन दिवस एवं समय में रूपये 1,000/– (रूपये एक हजार मात्र) नगद जमा करा कर प्राप्त किये जा सकते है।

## सहमति घोषणा पत्र

मैंने निविदा प्रपत्र में दी गई सभी शर्तें ध्यानपूर्वक पढ़ लीं हैं और मैं सभी शर्तों पर उक्त वार्षिक रख–रखाव करने के लिये सहमत हूँ। निविदा प्रपत्रों में दी गई शर्तों के अनुसार चाहे गये दस्तावेजों में से कोई भी दस्तावेज कम होने पर निविदा को अमान्य किये जाने की शर्त मुझे स्वीकार है तथा इसके विरूद्ध मेरे द्वारा किसी भी प्रकार का दावा प्रस्तुत नहीं किया जावेगा ।

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर ..........................................

निविदाकर्ता का नाम ..........................................

निविदाकर्ता की फर्म का नाम ..................................

निविदाकर्ता के पत्र व्यवहार का पता ...................

.........................................................................................

.........................................................................................

E-mail Address ...........................................

Telephone/Mobile No. .................................

# LIST OF COMPUTERS, LAPTOPS & PRINTERS (2018-2019
## FINANCIAL BID

| S.No. | Type | Qty | Rate per unit (in Rs.) | Total (in Rs.) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Servers | 2 | | |
| 2. | Computers | 122 | | |
| 3. | Laptops | 12 | | |
| 4. | Laser Printers | 96 | | |
| 5. | Dot Matrix Printer | 2 | | |
| 6. | Color Printers | 3 | | |
| 7. | Multifunction Color Printers | 3 | | |
| 8. | Multifunction Black & White Printers | 14 | | |
| 9. | Scanners | 1 | | |
| 10. | UPS 800 VA | 115 | | |
| 11. | Networking Switch | 13 | | |
| 12. | Netgear Wirless Accesspoint | 21 | | |
| | GRAND TOTAL AMOUNT IN RS. | | | |
| | GRAND TOTAL RS. (IN WORDS) | | | |

Signature with Seal
& full address of the Tendere

म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26 अरेरा हिल्स किसान भवन जेल रोड भोपाल

# —: तकनीकी विड :—

| क्रं. | तकनीकी विवरण | डाकू मेंन्टस संलग्न है/नही | कुल संलग्न पत्र |
|---|---|---|---|
| 1. | फर्म कंपनी का रजिस्ट्रेशन प्रमाण—पत्र | | |
| 2. | कंपनी/फर्म का जी.एस.टी. नम्बर का बैध प्रमाण पत्र | | |
| 3. | अन्य शासकीय/अर्धशासकीय विभागों में किये गये कार्यो के कार्यादेश | | |
| 4. | धरोहर राशि रूपये 5,000.00 की एफ.डी.आर. | | |
| 5. | किसी भी कंपनी का अधिकृत विक्रेता एवं सर्विस प्रोवाईडर का प्रमाण पत्र | | |
| 6. | अनुभव प्रमाण पत्र जिसमें किये गये कार्यो एवं हार्डवेयर की संख्या आदि का स्पष्ट उल्लेख हो | | |
| 7. | संस्था का भोपाल में कार्यालय का पता फोन नं. सहित | | |
| 8. | निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 1,000.00 का बैंक ड्राफ्ट यदि निविदा प्रपत्र बेवसाइट से डाउनलोड किया गया है। यदि कार्यालय से क्रय किये जाने पर रसीद क्रमांक ................ दिनांक ...................... | | |

हस्ताक्षर

फर्म का नाम :
पता /स्थायी निवास का पता :
फोन नं0/मो.नं0 :